उपेक्षा | मात्र 13 कर्मचारियों के भरोसे रानी दुर्गावती वार्ड

# वार्ड की सफाई व्यवस्था बिगड़ी, पार्षद चिंतित



**जबलपुर, नवभारत।** शहर के ऐतिहासिक देवताल से शुरू होकर गढ़ा बाजार तक फैला हुआ रानी दुर्गावती वार्ड इन दोनों साफ सफाई और चोक पड़ी नालियों की समस्या से जूझ रहा है। इन परेशानियों के कारण आम जनों के साथ-साथ अब वार्ड के पार्षद भी परेशान है। उनकी माने तो इतने बड़े रानी दुर्गावती वार्ड में मात्र 13 सफाई मित्रों के भरोसे सफाई व्यवस्था छोड़ी गई है। वहीं कचरे की गाड़ियां भी पूरे वार्ड में मात्र दो बार ही चक्कर लगाती है जिसके चलते वार्ड की सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट हो चुकी है। मालूम हो की सफाई व्यवस्था का मोर्चा संभालने वाली ठेका कंपनी का टेंडर निरस्त हो जाने के बाद से शहर की और खासकर पश्चिम विधान विधानसभा की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। नवभारत द्वारा की गई वार्ड परिक्रमा में देखा कि सूपाताल के आसपास नालियो की सफाई वर्षों से नहीं हुई। नालियां कचरे और गंदगी से बजबजा रही हैं। इसी तरह छुई खदान, लडिया मोहल्ला, टिकरी टोला जैसी खाली जगहों पर कूड़ा बिखरा पड़ा है। वही वार्ड वासियों ने बताया कि वार्ड में गंगासागर रोड, आनंदकुज तिराहे, हितकारिणी स्कूल के सामने सहित अन्य सड़कों की मरम्मत भी नहीं कराई गई है। नागरिक सहित वाहन चालकों को भी परेशानी होती है।

## बुरी तरह पिछड़ रहा वार्ड

रानी दुर्गावती वार्ड के निवासी संतोष ने बताया कि काजी मोहल्ला, मुजावर मोहल्ला की भी सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। हालात यह हैं कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। वही आवारा मवेशियों का सड़कों पर जमघट लगा रहता है, जिससे यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रही है। वही एक अन्य नागरिक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि शाम होते ही सड़क पर ठेले-टपरे लग जाते हैं जिससे यातायात व्यवस्था धवस्त हो जाती हैं। जिन क्षेत्रों को रेड जोन घोषित किया है वहां भी अतिक्रमण हो गए हैं। वही वार्ड में अब भी कई क्षेत्रों में जलप्लावन और पेयजल आपूर्ति की समस्या है। नागरिकों ने बताया कि नगर निगम में शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है।

## नहीं हुआ विकास

सूत्रों कि माने तो इस क्षेत्र के कई हिस्से स्मार्ट सिटी के दायरे में आते है, जिन्हें खूबसूरत बनाने के पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। लेकिन शहर के कई वार्ड अब भी कस्बा ही नजर आ रहा हैं। वार्ड के लोगों ने इस संबंध में कई बार शिकायतें कीं, लेकिन नतीजा सामने है। वही वार्ड में कई बस्ती क्षेत्रों में रात को खंभों में लाइट नहीं होने से वार्ड वासियों के मन में डर का माहौल भी बना रहता है। वार्ड वासियों का आरोप है कि विकास का पहिया इनके वार्ड तक पहुंच ही नहीं पाया है। जहां वार्ड के नागरिकों को बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया होनी चाहिए थी, वहीं नगर निगम भी शहर के सिर्फ चुनिंदा वार्ड और क्षेत्रों का विकास कराने में ही तल्लीन रहा। शहर के रानी दुर्गावती वार्ड के कुछ इलाके ऐसे हैं जहां के नागरिक आज भी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं।

### फैक्ट फाइल

- वार्ड की आबादी 24 हजार
- वार्ड में मतदाता लगभग 13 हजार
- वार्ड में प्रसिद्ध रामायण मंदिर
- वार्ड में सुपाताल और देवताल जैसे प्रसिद्ध तालाब

## पार्षद खुद परेशान

रानी दुर्गावती वार्ड के पार्षद ने नवभारत को बताया कि वार्ड में बिगड़ी सफाई व्यवस्था के कारण स्वयं चिंतित हैं। वहीं लोगों की माने तो वार्ड के पार्षद जनता की आवास सुनते तो है, लेकिन पार्षद की आवाज को उचित सम्मान नहीं मिल रहा है, जो की चिंताजनक है।

### इनका कहना है



रहने के लिए घर उसके आस-पास सफाई और साथ ही शुद्ध पेयजल हर किसी की जरूरत होती है। जिम्मेदारों को इतना तो देना चाहिए।

**राम अहीरवाल**



गंदगी किसी भी वार्ड में हो यह शहर की छवि धूमिल करेगी। निगम को साफ सफाई पर ध्यान देना चाहिए।

**शांति**

वार्ड की सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट हो चुकी है। मेरे द्वारा हर बार निगम को इसके बारे में अवगत कराया जाता है। इसके बाद भी हालत नहीं सुधर रहे हैं। वार्ड की सफाई व्यवस्था मात्र 13 कर्मचारियों के भरोसे छोड़ दी गई है।

**शेखर सोनी, पार्षद, रानी दुर्गावती वार्ड**

# सरयू की तर्ज पर शहर के नर्मदा तट होंगे





**मुख्यमंत्री जल्द करेंगे भूमिपूजन लोक निर्माण मंत्री ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर नर्मदा के तट अब सरयू की तर्ज पर विकसित किए जाएंगे। प्रहले चरण में खारीघाट, दरोगा घाट, गौरीघाट, एवं जिलहरीघाट को जोड़ कर वृहद घाट बनेंगे। इनका भूमिपूजन जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। खारीघाट में विसर्जन के लिए जलकुंड बनया जाएगा। यहाँ पर श्रद्धालुओं के लिए रैम्प तथा घाटों की सुरक्षा के लिए वाच टावर बनाए जाएंगे। चैनल से बहने वाली माँ नर्मदा की जलधारा को गौमुख से प्रवाहित किया जाएगा । आगे की ओर जिलहरी घाट की तरफ भी एक 'नाव घाट' बनाया जाएगा । जिलहरी घाट पर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक भव्य मंच निर्मित किया जाएगा। पंडित पुरोहितों की बैठक व्यवस्था के साथ आरती के लिए 5 मंच बनाए जाएंगे और साथ ही मां नर्मदा की धार को प्रदूषण मुक्त करने का प्रयास किया जाएगा। ये सारी बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कहीं।

## गौरीघाट से होगा चैनल का निर्माण

इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने ये भी बताया कि पहले चरण में खारी घाट की सीढ़ियों से नीचे उतरते ही चेंजिंग रूम और गौरीघाट से एक चैनल का निर्माण किया जाएगा, जो लगभग 800 मीटर लंबा, औसतन 15 मीटर चौड़ा और करीब 1 मीटर गहरा होगा। इस चैनल के से नर्मदा की जलधारा श्रद्धालुओं को उपलब्ध होगी। इस चैनल से नर्मदा की मुख्य धारा को प्रदूषण मुक्त रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान एवं पूजन के लिए बेहतर, स्वच्छ और सुरक्षित व्यवस्था मिल सकेगी।

## जाम को रोकने 5 पार्किंग प्वाइंट बनेंगे

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि नर्मदा घाट क्षेत्र में यातायात जाम और अव्यवस्था को रोकने के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग की आवश्यकता है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए, घाटों के समीप ही पाँच स्थानों पर पृथक से सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी । इन पाँच पार्किंग स्थल के अंतर्गत लगभग 900 टू व्हीलर एवं 700 फोर व्हीलर के पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी । वहीं गौरीघाट पर वाहनों का प्रवेश निषेध होगा।

## घाटों पर एंटी स्किड पत्थरों का किया जाएगा उपयोग

लोक निर्माण मंत्री के अनुसार गौरीघाट में वर्तमान अस्थायी दुकानों के स्थान पर सुव्यवस्थित स्थायी दुकानें बनायी जाएंगी, जिनका क्षेत्रफल पहले वाली दुकानों से अधिक होगा। साथ ही प्राकृतिक सौन्दर्य की छटा बिखेरते छायादार वृक्ष श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का एहसास कराएंगे। इस मार्ग पर वृद्ध एवं दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए ई-कार्ट भी चलाई जाएगी। यह मार्ग आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध होगा। यह मार्ग आगे खारीघाट के पार्किंग तक पहुँचेगा और दूसरे चरण में विकसित होने वाले तिलवारा घाट को भी जोड़ेगा। पत्रकारवार्ता के दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीकि, विधायक अशोक रोहाणी, इंदू तिवारी, नीरज लोधी, संतोष बरकड़े, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर उपस्थित रहे।

### मंत्री ने संतों को दी कार्ययोजना की जानकारी

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सर्किट हाउस में शहर के संतों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर, इस भव्य विकास कार्य की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर पूज्य दंडी स्वामी कालिकानंद महाराज, पूज्य जगतगुरु स्वामी डॉ. नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज, पूज्य स्वामी गिरीशानंद महाराज, पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. राधे चैतन्य, पूज्य जगतगुरु स्वामी बालगोविन्दाचार्य जी, पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज, पूज्य महंत चंद्रशेखरानंद जी तथा पूज्य स्वामी पागलानंद जी की उपस्थिति रही।

# नहीं मिली जांच रिपोर्ट, गुनहगारों पर कार्यवाही अटकी

**जबलपुर।** तिलवारा थाना के अंतर्गत बरगी हिल्स में 24 सितम्बर की रात्रि दुर्गा पंडाल के बाहर सडक़ पर विद्युत साज सज्जा के लिये लगाई गई झालर के तार से लोहे के पाइप के जरिये करंट के संपर्क में आने से दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस के साथ जिला प्रशासनिक टीमों ने जांच की। पुलिस द्वारा पत्राचार किए जाने के बाद भी अब तक जांच रिपोर्ट मुहैया नहीं कराई गई है जिसके चलते गुनहगारों पर कार्यवाही अटकी हुई है। जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न होने के चलते अब तक इस मामले में एफआईआर तक दर्ज नहीं हो पाई है। विदित हो आयुष झारिया पिता आशीष झारिया निवासी गणेश मंदिर के पास बरगी हिल्स एवं बेद श्रीवास 10 वर्ष पिता विपिन श्रीवास 40 वर्षीय निवासी बरगी हिल्स दोनों खेल रहे थे तभी खेलते समय बिजली का पाईप पकड़ लिया करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई थी।कलेक्टर के आदेश पर तीन सदस्यीय टीम ने हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ और इसके जिम्मेदार कौन है समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच की। इसके बाद जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई। तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने समिति सदस्यों और परिजनों के बयान दर्ज किए है। साथ ही जिला प्रशासनिक टीम ने जो जांच की है उसकी रिपोर्ट नहीं मिली है। पत्राचार किया जा चुका है छुट्टिया होने के चलते रिपोर्ट नहीं मिल सकी है जैसे ही रिपोर्ट मिलते ही मामले में आगे की कार्रवाई होगी।

## रेल यात्रियों की सुविधाओं को बनाया सरल

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न सेवाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकीकृत मोबाइल सुपर ऐप रेलवन स्वरेल का बीटा संस्करण जनवरी 2025 में शुरू किया गया है । यह ऐप रेलवे टिकट बुकिंग आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफ़ॉर्म टिकट, ट्रेन पूछताछ, ई-कैटरिंग, शिकायत निवारण एवं अन्य यात्री सेवाओं से जोड़ते हुए रेलवे यात्रा को और अधिक सुगम, आधुनिक एवं सुविधाजनक बना रहा है।

# पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की थी आत्महत्या

**जबलपुर।** बरेला निवासी एक युवक ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी की थी। मर्ग जांच में खुलासा होने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपिया पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक 1 नवम्बर को बरेला निवासी सचिन सोनी 37 वर्ष ने कलगोडी रोड़ पर सल्फास का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। जांच में यह नितिन सोनी के बयान लिए गए जिसमें उसने बताया किउसका भाई सचिन सोनी 37 वर्ष 1 नवम्बर की रात में घर आकर बताया कि भैया में अपनी पत्नी दिव्यानी उर्फ स्नेहा सोनी से बहुत परेशान हो चुका हूँ भाई से उसने कहा था कि वह समझौता करवा दूंगा सचिन की पत्नी दिव्यानी उर्फ स्नेहा सोनी ने सचिन का मोबाइल ले लिया था, सचिन के ससुर का फोन आया बोले कि तुम डेढ़ लाख रूपये दिला दो मैं तलाक दिलवा दूंगा तो उसने कहा कि जितना बनेगा उतना दिलवा देगा, इसके बाद भाई ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी।

### परेशान होकर वीडियो किया था वायरल

सचिन सोनी की शादी वर्ष 2018 में मनेरी में दिव्या सोनी के साथ हुयी थी शादी के कुछ माह से उसका छोटा सचिन सोनी की पत्नी दिव्यानी सोनी से बहुत परेशान हो चुका था मृतक द्वारा अपनी पत्नी दिव्यानी सोनी के खिलाफ वीडियो वायरल किया, पत्नी दिव्यानी से परेशान होकर सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। जांच पर आरोपिया पत्नी दिव्यानी उर्फस्नेहा सोनी 26 वर्ष निवासी बमबमपुरा बरेला के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## बुजुर्ग पर बका से जानलेवा वार, हालत नाजुक

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत पड़री शासकीय अस्पताल ट्रांसफार्मर के पास रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों ने एक बुजुर्ग पर बका से जानलेवा वार कर दिया। हमले में घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि तुलाराम यादव 50 वर्ष निवासी चरखी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दूध बेचने का काम करता है। शनिवार को निजी काम से ग्राम ककरहाई के सरपंच रोशनी बाई भूमिया के घर गया था वह वहां अपना काम कर के घर वापस जा रहा था, रात लगभग 10 बजे ग्राम पड़री शासकीय अस्पताल ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा रास्ते में दीपू यादव उर्फ पूरन निवास ग्राम चरखी एवं ग्राम सकरी निवासी दीपक यादव मिले जो उसका रास्ता रोककर उससे एक हजार रूपये की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दीपू यादव उर्फ पूरन बोला पैसे नहीं दिये तो जान से खत्म कर दूंगा, उसने पैसे देने से मना किया तो दीपू यादव जान से मारने की नियत से बका से हमलाकर सिर, दीपक यादव ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसकी आंख,

# हत्या का मामला दर्ज: कातिल-मृतक की पहचान में जुटी पुलिस

**गोली मारकर किया गया था कत्ल, शव को बारहा में लाकर फेंका**



**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत बारहा समाधी रोड कैनाल पुल के पास शनिवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश पड़ी मिली थी मृतक के शरीर में चोट के निशान थे। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने रविवार को अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। युवक की गोली मारकर हत्या की गई थी। आरोपी और मृतक कौन है इसका अब तक पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने के साथ शिनाख्तगी के प्रयास में जुटी हुई है। विदित हो कि शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव ग्राम बारहा समाधी रोड कैनाल पुल के पास शनिवार को संदिग्ध अवस्था में मिला था जिसके सिर पर चोट है। मृतक की उम्र करीबन 45 साल है जो सफेद रंग की हाफ शर्ट पहना है जिसकी पीठ तरफ जबलपुर फेफड़ों को बचाओ छपा है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम किया था। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद रविवार को अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है मृतक की गोली मारकर हत्या की गई थी और शव को हमलावर यहां लाकर फेंक गया था। पुलिस पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास करते हुए गुमशुदगी रिकॉर्ड को खंगाला रही है लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई। आरोपित कौन है इसका भी पता नहीं चल सका है मामले की विस्तृत जांच पड़ताल जारी है।

# अब 6 नवंबर तक करा सकते हैं किसान धान पंजीयन

**नवभारत, जबलपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बचे हुए किसानों के पंजीयन की तिथि बढ़ा दी है है। अब किसान 6 नवंबर तक समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीयन करा सकते हैं। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी सोच और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की पहल पर लिया गया है। खाद्य मंत्री ने बताया कि जबलपुर जिले में अब शेष किसानों का पंजीयन निर्धारित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। यह कदम उन किसानों के हित में उठाया गया है जो तकनीकी कारणों या समयाभाव के चलते पंजीयन नहीं करा सके थे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर किसान को उसका हक मिले और कोई भी पात्र किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित न रहे। किसान अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर जाकर 6 नवंबर तक पंजीयन करा सकते हैं।

## अभी तक 54 हजार से ज्यादा हुए पंजीयन

जानकारी के अनुसार 15 सितंबर से 10 अक्तूबर तक हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 54337 किसानों ने पंजीयन कराया था। जिसके बाद अब जो किसान पंजीयन नहीं करा पाए है वह 6 नवंबर तक पंजीयन करा सकते हैं। जिसके चलते पंचायत एवं तहसील स्तर पर सुविधा केन्द्र स्थापित है, जहां किसानों के लिए नि:शुल्क पंजीयन किए जाएंगे।

# पलक झपकते ही टूव्हीलर पार करने वाले तीन पकड़ाए

**पांच लाख की आधा दर्जन दुपहिया की गई जब्त**



**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चुराये हुये 6 दुपहिया वाहन कीमती 5 लाख रूपये के जप्त किए गए। पकड़े गए आरोीप पलक झपकते ही टूव्हीलर पार करते थे। नगर पुलिस अधीक्षक आधारताल सुश्री राजेश्वरी कौरव ने बताया कि श्रीमति श्वेता शर्मा निवासी तीन पत्ती ओमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नगर निगम सुहागी अधारताल में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर ठेके से काम करती है 14 अक्टूबर को उनकी स्कूटी टीवीएस जेस्ट क्रमांक एमपी 20 एसके 2249 को जहां सभी लोग अपनी गाड़ी खड़ी करते है वहां पर खड़ी करके आफिस के अंदर जाकर काम कर रही थी जब लौटकर आई तो स्कूटी गायब मिली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये। जिसके आधार पर राहुल चौधरी पिता कोमल चौधरी 22 वर्ष निवासी तिवारीखेडा नई कालोनी पनागर, कुमार सिंह कुसराम पिता गया सिंह 33 वर्ष निवासीकेसर विहार कालोनी धनी की कुटिया अधारताल, आकाश रैकवार पिता स्व. मधु रैकवार 28 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास कटरा थाना अधारताल को पकड़ा गया। पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया। इसके अलावा अन्य वाहन हनुमान मंदिर अधारताल, तिलवारा गोहलपुर, ग्वारीघाट से चोरी कर वाहनों को टेलीग्राफफैक्ट्री रिछाई के पास झाडियों के पीछे छिपाकर रखना बताये। आरोपीयों की निशादेही पर चुराये हुये वाहन जब्त किए गए। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



# कॉम्बिग गश्त में दबोचे गए 229 वारंटी

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिग गश्त करते हुए कई वर्षों से फरार 104 गैर म्यादी वारिटयों एवं 82 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए 43 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉबिंग गश्त पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अपराधों की रोकथाम में लिए कराई। बीती रात्रि 9 बजे से रात 2 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, एवं नगर पुलिस अधीक्षकों, उप पुलिस अधीक्षक, एस.डी.ओ.पी. के मार्ग निर्देशन में कराई गई। टीमों द्वारा जिले भर में छापेमारी करते हुये बड़ी सफलता प्राप्त की है। कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।

कार्यवाही | शहर की सुरक्षित यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने कार्यवाही शुरू

# अतिक्रमण हटे, लेफ्ट टर्न हुए कब्जा मुक्त



**जबलपुर।** शहर की सुरक्षित यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने की दिशा में नगर निगम, जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में शांति और सद्भाव के साथ सड़कों से अतिक्रमणों को हटाने एवं लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। रविवार को आई.एस.बी.टी. दीनदयाल चौक एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाकर सड़क एवं लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण मुक्त किया गया। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया गया। इसी प्रकार रामपुर से गोरखपुर तक कार्रवाई की गयी और मार्ग के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले टपरे को हटाने के साथ-साथ स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को भी हटाया गया। अब यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा कार्रवाई प्रशासन के सहयोग से कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देशानुसार एवं उनके मार्गदर्शन में तैयार कार्य योजना के अनुरूप प्रारंभ की गयी है।

## बैनर-पोस्टरों को भी निकाला गया

अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत विद्युत पोलों पर लगे फटे पुराने एवं अन्य बैनर पोस्टरों को भी हटाने की कार्रवाई की गयी। प्रशासन की इस कार्रवाई की नागरिकों ने सराहना की है। कार्रवाई के दौरान मौके पर अपर आयुक्त अरविन्द शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश भदौरिया, और दलप्रभारी लक्ष्मण कोरी, बृजकिशोर तिवारी, जे प्रवीण, अभिषेक समुद्रे, अंकित पारस, कुलदीप त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### नागरिकों-व्यापारियों ने किया समर्थन

इस कार्रवाई का शहर के नागरिकों एवं व्यापारियों ने समर्थन किया है और प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए मॉग भी की है कि अतिक्रमण हटाने की मुहिम शहर के सभी क्षेत्रों एवं मार्गो पर होनी चाहिए इससे एक ओर जहॉ दुर्घटनाऍ नहीं होगी, वहीं दूसरी और यातायात व्यवस्था भी ठीक होगा तथा तिराहे, चौराहे पर ठेले टपरे न होने के कारण अपराध भी घटित नहीं होगें।



# किसान को समय पर खाद, बिजली व पानी मिलना उसका मौलिक अधिकार

**नवभारत, जबलपुर।** किसान को समय पर एमएसपी, खाद, बिजली व पानी मिलना उसका मौलिक अधिकार है और इन व्यवस्थाओं को तय करने में जिनकी भूमिका है उनकी जिम्मेदारी है कि किसान को उसकी खेती करने की मौलिक आवश्यकताएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उक्त विचार भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष के साईं रेड्डी ने अपने जबलपुर अल्प प्रवास के दौरान किसानों के बीच व्यक्त किए। श्री रेड्डी ने असमय बारिश से प्रभावित धान के खेतों का निरीक्षण किया किसान संघ के अध्यक्ष का भव्य स्वागत व गौ पूजन कार्यक्रम किया गया। साथ ही किसान संघ के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवत पटेल के निवास जाकर सौजन्य भेंट की और पाटन के मेढ़ी गांव जाकर पचौरी परिवार में शोक संवेदना व्यक्त की इस अवसर पर भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनारायण पचौरी, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, जिला मंत्री धनंजय पटेल आदि उपस्थित थे।